हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार 10 जनवरी 2026

11 संचालक अधिक से अधिक बेसहारा ...




12 फसलों पर ठंड -पाले की मार, किसान लाचार, आर्थिक ...



## खबर संक्षेप



### शिकायतों का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार की पहल पर प्रदेशभर में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आई शिकायतों को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा हुई। मुख्यमंत्री कार्यालय से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शेखर विद्यार्थी ने सभी जिलों से रिपोर्ट ली। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने जिले को लेकर जानकारी दी। बैठक के बाद उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवारी को सुबह 10 से 12 तक दादरी और बाढ़ड़ा में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से नागरिकों की विभिन्न प्रशासनिक व शासकीय विभागों से जुड़ी समस्याओं का तुरंत निपटारा किया जा रहा है।



### जुई फिडर के पास अवैध निर्माणों को तोड़ा

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि अवैध निर्माण करने का किसी को अधिकार नहीं है। जिला में कहीं भी सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें। डीसी ने बताया कि नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिला भिवानी नियंत्रित क्षेत्र भिवानी लोहाड में भिवानी-तोशाम रोड़ नजदीक जुई फिडर के पास बनी अवैध कॉलोनी से निर्माण हटाने का अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान जेसीबी मशीन से निर्माण, कच्चे रोड़ नेटवर्क, डीपीसी व डिमार्केशन आदि अवैध निर्माण को तोड़ा गया। डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार अवैध निर्माण करना गैर कानूनी कार्य है और इसकी अनुमति किसी को नहीं है।

# 12 साल का इंतजार खत्म, जिले में पहली बार होगी प्रतियोगिता

**स्केटिंग महाकुंभ में अनाथालय के बच्चे भी बिखेरेंगे जलवा**

**रोलर हॉकी और रोड स्पीड स्केटिंग के साथ-साथ इनलाइन, क्वाड, एडजस्टेबल लेवल-3 और लेवल-4 की प्रतियोगिता होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

खेल नगरी के नाम से मशहूर भिवानी के युवाओं में खेल के प्रति हमेशा से अलग ही जोश व जुनून देखने को मिलता है, जिसके चलते वे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करते है। इसी कड़ी में जनवरी के तीसरे सप्ताह में एक बार फिर पहियों की रफ्तार का रोमांच लौटने वाला है। जिला रोलर स्केटिंग संघ द्वारा 12 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद जिले में पहली बार रोलर हॉकी और रोड स्पीड स्केटिंग के साथ-साथ इनलाइन, क्वाड, एडजस्टेबल लेवल-3 और लेवल-4 की प्रतियोगिता होगी।

प्रतियोगिता की सबसे खास और ऐतिहासिक बात है कि इसमें अनाथालय की 11 लड़कियां और तीन लड़के भी भाग लेंगे। देश के खेल इतिहास में ये संभवतः पहला मौका होगा जब अनाथालय के बच्चे मुख्यधारा की स्केटिंग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे तथा इसके लिए अनाथाश्रम के अध्यक्ष वेदप्रिय आर्य भी बच्चों का पूरा सहयोग कर रहे है। दक्षिण हरियाणा रोलर स्केटिंग संघ के संरक्षक देवेंद्र सिंह, यशपाल सिंह, मुख्य तकनीकी निदेशक ठाकुर अशोक जीतसिंह व जिला रोलर स्केटिंग संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार, सचिव कृष्ण सैनी, उपप्रधान प्रवीण कुमार ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में जिला रोलर स्केटिंग संघ के उपप्रधान प्रवीण कुमार सहित पूरी टीम दिन-रात जुटी हुई है।



■ जनवरी के तीसरे सप्ताह में एक बार फिर पहियों की रफ्तार का लौटने वाला है रोमांच

**भिवानी।** स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते अनाथालय के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### बोर्ड परिसर में होगी स्पर्धा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला रोलर स्केटिंग संघ हिसार के अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिंह एवं बोर्ड चेयरमैन डॉ. पवन कुमार के प्रोत्साहन से स्कूलों की छुट्टियां खत्म होने के बाद शिक्षा बोर्ड परिसर में मुख्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। पुलिस उप अधीक्षक अनुप सिंह भी सहयोग दे रहे हैं। प्रतियोगिता को अंडर-4 से 6 वर्ष, 6-8 वर्ष, 8-10 वर्ष, 10-12 वर्ष, 12-14 वर्ष, 14-16 वर्ष, 16-18 वर्ष, 18-20 वर्ष और 20 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में बांटा है।

**तोशाम में गंदे पानी के तालाब में कूदा युवक**

# 40 मिनट की जद्दोजहद के बाद समझा-बुझाकर निकाला बाहर

## सर्दी से कंपकंपाता युवक दलदल से बाहर निकलने को नहीं था तैयार, भीड़ ने बचाई जान

■ बागनवाला के बलिंदर ने अपनी जान पर खेलकर युवक को पानी से बाहर निकाला, लेकिन युवक फिर से पानी में कूद

■ सूचना मिलने पर डायल 112 और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी गाड़ी लेकर पहुंचे और युवक को बाहर निकाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

शुक्रवार शाम तोशाम में अजीबो-गरीब मामला सामने आया। कस्बे के बस स्टैंड के नजदीक स्थित गंदे पानी के तालाब में एक युवक कूद गया और तालाब में बनी दलदल में फंसने के बाद सर्दी से कंपकपाने लगा। आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकालना चाहा, लेकिन युवक तालाब से बाहर निकलने को तैयार नहीं था।

इस दौरान सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची तथा अग्निशमन विभाग की गाड़ी व कर्मचारी भिवानी से तोशाम पहुंचे। 40 मिनट की कड़ी मशक्कत एवं समझाने के बाद युवक बाहर आने को राजी हुआ और उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार शाम करीबन 4 बजे तोशाम बस स्टैंड स्थित गंदे पानी के तालाब में करीबन 25 वर्षीय नेपाली युवक कूदता देखा गया, जिसे आसपास के लोग बचाने के लिए तालाब की तरफ दौड़े। युवक कूदने के बाद कचरे एंव दलदल के बीच फंस गया और सर्दी से कंपकपाने लगा। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस दौरान डायल 112 पुलिस भी पहुंची और युवक को तालाब से बाहर निकालने की जद्दोजहद शुरू हुई। इस दौरान गांव बागनवाला निवासी बलिंदर ने अपने साहस का परिचय दिया और तालाब में पड़े युवक की जान बचाने के लिए सर्दी की परवाह किए बगैर गंदे पानी की दलदल व कचरे के बीच कूद गया और डूबते युवक को तालाब से बाहर निकाल लाया। इसके बावजूद वह युवक दोबारा से दलदल, कचरे व तालाब के गंदे पानी के बीच जा घुसा। साहसिक बलिंदर बागनवाला सहित एकत्रित हुए लोगों ने रस्सा लाकर दोबारा से युवक को निकालने का प्रयास किया, लेकिन सर्दी से कंपकपाता युवक तालाब से बाहर निकलने को तैयार नहीं था। मौजूद पुलिस टीम सहित एकत्रित भीड़ ने करीबन 40 मिनट जद्दोजहद करके युवक को तालाब से बाहर निकालकर पुलिस के हवाले किया।

### अस्पताल पहुंचाया



पुलिस ने युवक को एंबुलेंस में तोशाम के नागरिक अस्पताल में भेजा, जहां युवक को प्राथमिक उपचार के पश्चात उससे पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम दीपक तथा नेपाल का निवासी बताया। तत्पश्चात दीपक ने अपने भाई हरि का संपर्क सूत्र बताया तथा सूचना उसके भाई हरि को दी और उसके जानकार व्यक्ति तोशाम अस्पताल में पहुंचे।

**समाधान शिविर में लगी डांट के बाद व्यवस्था लौटी पटरी पर**

## ठेकेदार के कारिंदे पहुंचे जेसीबी लेकर, चारा मंडी की सफाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कहते हैं कई बार किसी कार्य को पूरा करवाने के लिए गुजारिश काम नहीं करती, या यूं कहिए की कुछ लोग डाट फटकार के बाद ही समस्याओं के समाधान पर कार्य करते है। ऐसा ही वाक्या उत्तमनगर चारा मंडी का देखने को मिला। वहां के पार्षद सुभाष तंवर ने मार्केट कमेटी के ठेकेदार से कई बार चारा मंडी में सफाई कराने की गुजारिश की,लेकिन उस पर कोई अमल नहीं हुआ। उसके बाद पार्षद ने जिला प्रशासन के समाधान शिविर में पहुंचकर चारा मंडी में सफाई की दरकार लगाई। अधिकारियों ने उसी वक्त फोन पर ही ठेकेदार को अच्छी खासी झाड़ पिलाई। फटकार लगते ही ठेकेदार जेसीबी भेजकर वहां पर पड़ी मिट्टी व फसलों का कचरा व अवशेषों को उठवाना आरंभ कर दिया।

### पार्षद ने की थी शिकायत

पार्षद सुभाष तंवर ने बताया कि चारा मंडी में सरसों की फसल डाली गई थी। मार्केट कमेटी ने अस्थाई खरीद केंद्र बनवाया था। फसलों की खरीद व बेचने का कार्य पूरा हो चुका,बारिश का सीजन भी बीत गया,लेकिन आज तक मार्केट कमेटी ने वहां की सफाई नहीं करवाई। जिस वजह से वहां पर पड़ा कचरा उड़ कर लोगों के घरों तक पहुंचने लगा। कई बार शिकायत की,लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। यहां तक कि ठेकेदार से भी समस्या का समाधान करने की गुजारिश की गई,लेकिन उनका भी कोई रिसपॉस नहीं मिल पाया। बाद में उपायुक्त के समाधान शिविर में शिकायत की और वहां से संबंधित विभाग के अधिकारियों पर झाड़ पड़ी तो सफाई में ठेकेदार के कारिंदे जुट गए।

## गोली चलाने के मामले में मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार, एक दिन के रिमांड पर लिया



**भिवानी।** पुलिस सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी ने नौरंगाबाद क्षेत्र में युवक पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उपेन्द्र उर्फ साहिल पुत्र राजेंद्र, निवासी वार्ड नंबर 12, बवानी खेड़ा द्वारा थाना सदर पुलिस भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 25 दिसम्बर को वह अपने दोस्त तरुण निवासी सतनाली के साथ नौरंगाबाद में अपने रिश्तेदार नसीब के घर गया हुआ था। रात्रि लगभग 10:00 बजे बस अड्डा से सामान लेकर वापस लौटते समय रास्ते में अजय पुत्र सतबीर के मकान के पास अजय ने उनकी गाड़ी रुकवा ली और उनके साथ गाली-गलौज की। शिकायतकर्ता के अनुसार, अगले दिन दोपहर के समय जब वह अपने रिश्तेदार के साथ अजय से बात करने गया तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। इसी दौरान आरोपी अजय ने शिकायतकर्ता पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी, जो शिकायतकर्ता के पैर में लगी। सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के सहायक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जान से मारने की नीयत से गोली चलाने के मामले में मुख्य आरोपी को स्टेडियम भिवानी से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अजय उर्फ मोनू पुत्र राजेंद्र सिंह, निवासी नौरंगाबाद, जिला भिवानी के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उनका पुलिस रिमांड हासिल किया।

## गोकुलपुरा के ग्रामीणों ने की अनुसंधान केन्द्र में गांवों के युवाओं को रोजगार देने की मांग



**बहल।** गांव गोकलपुरा में बन रहे चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के पोषक अनाज अनुसंधान केन्द्र में गांव के युवाओं व मजदूरों को रोजगार दिए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त के माध्यम से सीएम के नाम ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने कहा कि गांव ने केन्द्र के लिए बेशकीमती भूमि दी है तो गांव के युवाओं को ही लाभ मिलना चाहिए। शुक्रवार को ग्रामीण महावीर चहल, महंत बलबीर गिरी, विकास श्योराण, सतबीर, प्रवीण श्योराण, सुनील चबरवाल, उज्जवल, मुन्ना ने भिवानी उपायुक्त कार्यालय में बीडीपीओ नवीन कुमार को डीसी के मार्फत सीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि गांव गोकलपुरा में बन रहे केन्द्र को गांव की बेशकीमती भूमि नाममात्र पट्टे पर दी गई है। करीब 64 एकड़ भूमि को एक रुपये प्रति एकड़ प्रति वर्ष के हिसाब से दी गई है जो कि नाममात्र किराया है। यह गांव की सबसे कीमती भूमि है। गांव की भूमि का फायदा गांव के लोगों को मिलना चाहिए। गांव के पढे लिखे युवाओं को केन्द्र में नोकरी दी जाए और मजदूरों को लेबर काम दिया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने कहा कि केन्द्र में फसल कटाई, कढाई या जेसीबी से होने वाला मशीनी काम भी गांव के ही लोगों को दिया जाए। इसके अलावा ग्रामीणों ने मांग की कि केन्द्र की तरफ से गोकलपुरा के किसानों को रबी व खरीफ फसल के लिए निशुल्क बीज दिया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि अगर उनकी बात नहीं मानी गई तो वे पटटेनामे को रद्द करवाने के लिए कोर्ट में जाएंगे।

## अनुशासन, सहयोग और चरित्र निर्माण में शिविरों की महत्वपूर्ण भूमिका : थाना प्रभारी

■ तनाव को कम करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की

**बवानीखेड़ा।** बलियाली में चल रहे सात दिवसीय एन.एस.एस के विशेष शिविर का समापन बड़े उत्साह और प्रेरणादायक वातावरण में हुआ। प्रथम सत्र में पीएचसी बलियाली से डा. मनीषा ने स्वयंसेविकाओं के साथ मानसिक तनाव को कम करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उनके सहयोगी हिमांशु जी ने टी.बी. संक्रमण से कैसे बचा जा सकता है, इस बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। समापन समारोह के दूसरे सत्र में बवानी खेड़ा के थाना प्रभारी श्री नीर सिंह जी ने शिरकत की. उन्होंने छात्राओं को सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम, नशा मुक्त भारत, आदि विषयों पर चर्चा करते हुए जागरुक व जिम्मेदार नागरिक बनने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि अनुशासन में रहकर ही अच्छे चरित्र का निर्माण संभव है. प्राचार्य जयबीर सिंह सिवाच ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम अधिकारी डा. कविता तंवर ने साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत की. लक्ष्य गीत व वन्दे मातरम् के साथ शिविर का समापन हुआ।

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड प्रशासन की वादा खिलाफी के खिलाफ भड़के बोर्ड कर्मचारी

■ उत्तर पुस्तिका मुद्रण में दोहरी नीति के खिलाफ शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन ने की गेट मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के गलियारों में उस वक्त गहमागहमी बढ़ गई, जब हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ ने प्रशासन की कार्यप्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर कर्मचारियों ने शुक्रवार को शिक्षा बोर्ड मुख्यालय पर गेट मीटिंग आयोजन किया, जिसमें प्रशासन पर वादा खिलाफी और तानाशाही के गंभीर आरोप लगाए। सभा की अध्यक्षता संगठन के प्रधान सत्यवीर स्वामी ने की, जबकि मंच संचालन प्रेस सचिव जोगेंद्र ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जोगेंद्र ने प्रशासन पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उत्तरपुस्तिका मुद्रण (आंस्वर शीट प्रिंटिंग) का कार्य पूर्ण रूप से प्रकाशन शाखा को सौंपने का वादा किया था, लेकिन ऐसा न करके कर्मचारियों के साथ विश्वासघात किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान देवेन्द्र श्योराण, अशोक पिलानिया, भारतदीप, अनूप खेदड़, अमनदीप, संदीप जांगड़ा, संदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** बोर्ड परिसर में द्वार सभा को संबोधित करते सत्यवीर स्वामी। फोटो : हरिभूमि

**प्रशिक्षण** | **पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों को आगे लाने का प्रयास**

# खेल-खेल में शिक्षा देने के बताए तौर तरीके, पांच दिन पाठ पढ़ाए

**बच्चों का उनके परिवेश के हिसाब से ज्ञान बढ़ाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

भिवानी के सरकारी स्कूल व बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निपुण हरियाणा मिशन के तहत प्राथमिक शिक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का आगाज हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने जेबीटी टीचरों को खेल खेल में शिक्षा देने के तौर तरीके बताए। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि बच्चों का उनके परिवेश के हिसाब से ज्ञान बढ़ाए। शिविर में प्रशिक्षकों ने बताया कि शिक्षक पांच दिन बच्चों को सब्जेक्ट का पाठ पढ़ाए और उसके बाद छठे दिन उस पढ़ाए गए पाठ का मूल्यांकन करें। ताकि यह स्पष्ट हो पाए कि शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए पाठ में से कितना समझ आया और कौन कौन से प्वाइंट बच्चे की समझ से परे हैं। जिन बच्चों से प्वाइंट अनसमझे रह जाते है। उस दिन उन बच्चों के वे सभी प्वाइंट क्लीयर करें। ताकि पढ़ाई के मामले में कोई भी बच्चा पीछे न रह पाए।



**बवानीखेड़ा।** प्राथमिक शिक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण में संबोधित करते हुए कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा।

### बच्चों को सूर्य से दे समय की जानकारी

शिविर में बताया गया कि अगर बच्चों को समय के बारे में कोई जानकारी देनी है तो उनको सूर्य से ही समय के बारे में जानकारी दे। मसलन सूर्य पूर्व में उगता है। जिस वक्त सूर्य उगता है, उस समय को सुबह कहते है। करीब सात बजे के आसपास सूर्य उगता है। इसी तरह आसमान के बीच में सूर्य आने पर दोपहर होती है और पश्चिम दिशा में जाने पर सांझ(शाम) होने लगती है।

### दो युवकों ने कंपनी के ठेकेदार पर किया हमला

**बवानीखेड़ा।** गौतम सोलर कंपनी के स्क्रैप ठेकेदार पर दो युवकों ने हमला कर दिया। हमले में ठेकेदार का पैर टूट गया। ग्रेटर नोएडा (उ.प्र.) निवासी मोबिन ने बताया कि वह गौतम सोलर प्लांट, बवानीखेड़ा में स्क्रैप का ठेका ले रखा है और सुमरा खेड़ा रोड पर गोदाम बनाया हुआ है। 8 जनवरी की शाम वह बेटी के साथ कार से गोदाम से बवानीखेड़ा मार्केट जा रहे थे। तोशाम से बवानीखेड़ा के बीच आरोपियों ने उनकी गाड़ी का रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने बिंडे और लोहे की रॉड से कार के शीशे तोड़ दिए और मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार एक आरोपी ने छाती पर मुक्का मारा, दूसरे ने पैर खींचकर रॉड से वार किया, जिससे बायां पैर टूट गया।

## पॉलीथिन बैग और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



■ एचएसपीसीबी और एमसी की संयुक्त टीम ने शहर में की कार्रवाई

सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) और प्लास्टिक कैरी बैग पर एक जुलाई 2022 से पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। समय-समय पर शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) और प्लास्टिक कैरी बैग के प्रयोग करने वालों की जांच की जाती है।

इसी कड़ी में क्षेत्रीय अधिकारी शैलेन्द्र अरोड़ा के मार्गदर्शन में रुद्रा कॉलोनी और बिड़ला कॉलोनी में एचएसपीसीबी और एमसी की संयुक्त टीम ने पॉलीथिन बैग और सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग करने वाले विक्रेताओं का निरीक्षण किया। शहर में शुक्रवार को पॉलिथीन बैग और सिंगल यूज प्लास्टिक की जांच के लिए टीम में शामिल एसडीओ एचएसपीसीबी विकास, जेई एचएसपीसीबी चंचल कुमार और एमसी भिवानी अधिकारी ने विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पॉलिथीन बैग और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर विभिन्न दुकानदारों पर कुल 2500 रुपए का चालान किया। इस दौरान उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाईडलाइनुसार दुकानदारों व लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग ना करें और पर्यावरण का संरक्षण करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि कुछ ऐसी प्रतिबंधित वस्तुएं हैं, जो पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं।



# 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को कर दिया इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की वॉर ड्रामा 'बॉर्डर 2' का नया गाना 'इश्क दा चेहरा' रिलीज हो गया है। ये एक सोलफुल रोमांटिक मेलोडी गाना है, जो दर्शकों के सामने एक मूवी का एक इमोशनल एंगल दर्शा रहा है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे देश के साथ-साथ जवान अपनी पर्सनल लाइफ में भी अपने परिवार को कितना प्यार करते हैं। कैसे उनकी पत्नियां उनका इंतजार करती हैं और एक दिन आता है कि वो वापस उन्हें छोड़कर अपनी धरती मां की रक्षा के लिए बॉर्डर पर लौट जाते हैं। 'बॉर्डर 2' के दूसरे गाने 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को इमोशनल कर दिया है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ, सचेत टंडन और परंपरा टंडन ने मिलकर गाया है। गाना का म्यूजिक सचेत-परंपरा ने दिया है जबकि लिरिक्स कौसर मुनीर ने लिखे हैं। फिल्म के कास्ट की बात करें तो इसमें सनी देओल के अलावा फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा जैसे स्टार्स अहम रोल में हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में धमाका करने आ रही है।

लाइफStyle

# शनाया

## खौफ से शुरू हुई एक अनोखी प्रेम कहानी

फिल्म 'तू या मैं'एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर में यह फिल्म एक आम लव स्टोरी नहीं लग रही, पहली झलक में यह ऑडियंस को डराती है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'तू या मैं'के टीजर में शनाया कपूर का किरदार स्विमिंग पूल में नजर आता है, वह रिलैक्स कर रही होती है। अचानक उसे लगता है कि पूल के अंदर कोई है। यह सीन खौफ पैदा करता है। आगे टीजर में एक लव स्टोरी, रोमांस नजर आता है। लेकिन फिर कहानी बदलती है और लीड कैरेक्टर एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं। दोनों को अब बस अपनी जिंदगी बचानी है। फिल्म 'तू या मैं'एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म 'तू या मैं' बन रही है। फिल्म में शनाया कपूर के अपोजिट आदर्श गौरव नजर आ रहे हैं। फिल्म 'तू या मैं' की रिलीज डेट तो मेकर्स ने शेयर की है।

यह फिल्म फरवरी महीने में वैंलटाइन वीक में रिलीज हो सकती है। इसकी रिलीज डेट 13 फरवरी है। शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां'से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसमें वह विक्रांत मैसी के साथ नजर आईं। जल्द ही उनकी फिल्म 'तू या मैं' रिलीज होगी। फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम 'जेसी' है।



हॉलीवुड मसाला



# 83वें गोल्डन ग्लोब में अवॉर्ड करेंगी प्रेजेंट

**लॉस एंजिल्स।** रविवार 11 जनवरी को लास एंजिल्स में होने वाले गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में अब अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा प्रेजेंटेटर्स में शामिल हो गई हैं। आयोजकों की ओर से इस बात की जानकारी दी गई। जिसके बाद जाहिर है कि प्रियंका भी इस अवॉर्ड फंक्शन में अवॉर्ड प्रेजेंट करती नजर आएंगी। गोल्डन ग्लोब्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स, अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मिला कुनिस के साथ स्टेज पर अवॉर्ड्स प्रेजेंट करेंगी। प्रियंका लंबे समय बाद इस प्रतिष्ठित मंच पर नजर आएंगी। प्रेजेंटर्स की इस स्टार-स्टडेड लिस्ट में कई और बड़े नाम भी शामिल हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में आयोजित होंगे। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।



# बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहती हैं सोफी

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड कलाकारों की हॉलीवुड के एक्टर-एक्ट्रेस के प्रति दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन हॉलीवुड में भी अपने देश के कलाकारों की फैन फॉलोइंग कोई कम नहीं है। अब हाल ही में 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने बॉलीवुड स्टार्स दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। इसके साथ ही सोफी टर्नर ने जल्द ही किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं सचमुच किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे वहां का डांस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत नजारा होता है और वे बहुत खूबसूरत होते हैं। प्रोडक्शन डिजाइन इतना शानदार होता है कि मुझे नहीं लगता कि हमने कभी किसी हॉलीवुड फिल्म सेट पर ऐसा कुछ देखा होगा। सोफी टर्नर ने अभी तक किसी भी भारतीय सिनेमा में काम नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने 2018 में अपने पूर्व बहनोई निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा की शादी के जश्न के लिए भारत का दौरा किया था।



# नवलगढ़ में घूंघट की शूटिंग करने पहुंचीं

**मुंबई।** अभिनेत्री तापसी पन्नू इस वक्त राजस्थान के झुंझुनू जिले के नवलगढ़ में हैं। वे यहां अपनी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पहुंची हैं। सेट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वे खाकी वर्दी पहने दिख रही हैं। पुलिस ऑफिसर के गेटअप में तापसी काफी रौबदार अंदाज में नजर आ रही हैं। तापसी का यह लुक फिल्म 'घूंघट' का है। अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'घूंघट' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वे खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। तापसी इन दिनों नवलगढ़ में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। सेट से सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री तापसी महिला थानेदार के गेटअप में नजर आ रही हैं। तापसी की यह फिल्म अनुपम सिन्हा और मकबूल खान के निर्देशन में बन रही है। सेट से लीक हुई तस्वीरों और वीडियो में तापसी पन्नू महिला थानेदार की वर्दी पहने हुए नजर आ रही हैं।



# ओ रोमियो का फर्स्ट लुक आया सामने

**मुंबई।** शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म 'ओ रोमियो' का फर्स्ट लुक शुक्रवार को सामने आ गया है। इस पहले लुक में शाहिद काफी खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। लाल रंग के बैकग्राउंड में शाहिद का चेहरा खून से लथपथ दिख रहा है। वहीं वो जोश में चीखते दिख रहे हैं। पोस्टर को देखकर ऐसा लगता है कि शाहिद और विशाल भारद्वाज एक बार फिर 'कमीने' जैसा कुछ अलग लाने वाले हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी साफ कर दिया है कि फिल्म की पहली झलक या टीजर शनिवार को सामने आएगा। 13 फरवरी को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस फिल्म की झलक पाने के लिए बेकरार थे। अब शाहिद कपूर के इस पहले पोस्टर को ही देखकर फैंस उत्साहित हो गए हैं।

टीवी मसाला



# 1985 में 'विक्रम और बेताल' शो ने रचा था इतिहास

**नई दिल्ली।** टीवी जगत के ऐसे कई शोज हैं, जिनको आज भी याद किया जाता है। इसमें रामायण, महाभारत और शक्तिमान समेत कई शो हैं, जो लोगों के दिलों में बस चुके हैं। 80 और 90 के दशक में टीवी शोज का दौर हुआ करता था। उस टाइम में आने वाले नए-नए शो लोगों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं हुआ करते थे। पूरी फैमिली के साथ टीवी सीरियल देखने का मजा ही अलग था। उस वक्त ना यूट्यूब और ना ही ओटीटी बस टीवी शो ही एकमात्र मनोरंजन का जरिया हुआ करते थे। बात करेंगे उस पुराने टीवी शो की जो 41 साल बाद भी लोगों को याद है। दूरदर्शन पर आने वाला यह शो अपनी लोककथाओं और पौराणिक कहानियों पर बेस्ड था। इस शो में वो सभी कलाकार नजर आए थे, जो रामायण और महाभारत में भी देखे गये थे। अरुण गोविल, अरविंद त्रिवेदी, सुनील लहरी, विजय अरोड़ा, दीपिका चिखलिया, मूलराज राजदा, रमेश भटकर और लिलिपुट जैसे स्टार इस शो में नजर आए थे। इस शो का नाम सामने आते ही इसका एक-एक एपिसोड आपकी आंखों के सामने आ जाएगा। 'विक्रम और बेताल' जी हां, यह वही शो है, जिसमें टीवी के राम ने विक्रम का रोल प्ले किया था। इस शो की कहानी राजा विक्रमादित्य और बेताल के सवालों के इर्द-गिर्द घूमती है। इस शो की सबसे खास बात यह रही कि इसे बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी खूब पसंद किया था। बच्चों के लिए यह थोड़ा डरावना भी था, क्योंकि बेताल का लुक किसी भूत से कम नहीं था।

# मास्टरशेफ इंडिया में पहुंचीं पार्किंसन से जंग लड़ रही लड़की

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर शो 'मास्टरशेफ इंडिया' के 9वें सीजन का आगाज हो चुका है। अभी शो के ऑडिशन चल रहे हैं, जिसमें एक से बढ़कर एक हुनरबाज लोगों को देखा जा रहा है। अब शो में ऐसी जोड़ी की एंट्री हुई है, जिनके हुनर को देखकर तीनों जज खुद को एप्रन देने से नहीं रोक पाए और सेट पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं। शो में जहां सिर्फ अच्छे खाने की तलाश की जा रही है, वहीं इसी के साथ लोगों की संघर्ष की कहानी फैंस और जजों को रोने पर मजबूर कर रही है।



'मास्टरशेफ इंडिया' का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें एक ऐसे कंटेस्टेंट को देखा गया है जो मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है, लेकिन किचन में कुकिंग करते ही, वे अपनी सारी कमजोरियों पर काबू पा लेती हैं। हम बात कर रहे हैं मनीषा की, जो 14 साल की उम्र में कोमा में चली गई थीं और हैवी डोज की दवाएं लेने की वजह से सेकेंडरी पार्किंसन से ग्रस्त हो गईं। इस बीमारी में मांसपेशियां अकड़ हो जाती हैं और शरीर अपने आप कांपने लगता है।



# भाबी जी की सवारी निकल पड़ी थिएटर की ओर...

**मुंबई।** सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' के फैंस के लिए खुशखबर है। अब यह सीरियल, फिल्म के रूप में बड़े आ रहा है। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं'का पहला पोस्टर और रिलीज डेट सामने आ चुकी है। सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं'में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं, फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में सभी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं'की रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। यह फिल्म अगले महीने वैंलेटाइन डे से पहले रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 6 फरवरी है। पोस्टर रिलीज के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा है, 'गली गली में होगा शोर, क्योंकि भाबी जी की सवारी निकल पड़ी है थिएटर की ओर।'

# शोभिता की चीकाटिलो का पोस्टर जारी

**मुंबई।** द नाइट मैनेजर जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम चीकाटिलो है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है,




जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। चीकाटिलो प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी चीकाटीलो एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित चीकाटिलो को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# 'द राजा साब' की रिलीज के बीच पशुपतिनाथ पहुंचे संजय



मुंबई। संजय दत्त इन दिनों अपनी फिल्मों 'धुरंधर' और 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में वह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे हैं। संजय दत्त और प्रभास की अदाकारी से सजी फिल्म 'द राजा साब' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में संजय दत्त शुक्रवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे और पूजा की। एक्टर गुरुवार शाम को एक कसीनो के उद्घाटन में शामिल होने के लिए काठमांडू पहुंचे। उनकी यात्रा से फैंस खुश हो गए। एक्टर के पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैं। संजय दत्त की यह यात्रा ऐसे मौके पर हुई जब उनकी फिल्म 'द राजा साब' रिलीज हुई है। संजय दत्त और प्रभास स्टारर 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म में एक्टर एक खतरनाक रोल में नजर आ रहे हैं। 'द राजा साब' के निर्देशक मारुति हैं। इसमें बोमन ईरानी, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी अहम किरदारों में हैं। इससे पहले संजय दत्त आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में नजर आए थे। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन थीं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

## भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड पर टिकी हैं

# कांतारा चैप्टर 1 और तन्वी द ग्रेट भी ऑस्कर की रेस में शामिल

इस बार ऑस्कर में भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म 'होमबाउंड'पर टिकी है। होमबाउंड ऑस्कर में भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर भेजी गई फिल्म है। फिल्म अभी भी रेस में बनी हुई है। लेकिन, अब भारत की दो और फिल्में भी ऑस्कर की दौड़ में शामिल हो गई हैं। जिसके बाद अब भारत को इन दो फिल्मों से भी उम्मीद बंध गई है। हालांकि, अभी इन फिल्मों को लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इस साल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने वाली ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' और अनुपम खेर के निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' उन 201 फीचर फिल्मों की सूची में शामिल हो गई हैं, जो 98वें अकादमी पुरस्कारों के लिए विचाराधीन हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस (एएमपीएएस) ने उन 201 योग्य फिल्मों की घोषणा की है, जो प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार के लिए सीधे तौर पर पात्र हैं। इस लिस्ट में 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' भी शामिल हो गई हैं। ऐसे में अब इन दोनों फिल्मों से भी ऑस्कर में उम्मीदें जाग गई हैं।





### सभी शर्तों को दोनों फिल्मों ने किया पूरा

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए एलिजिबल फिल्मों ने सामान्य एंट्री के अलावा सभी अतिरिक्त एलिजिबलिटी आवश्यकताओं को भी पूरा किया। इसमें सिनेमाघरों में प्रदर्शन और एक कॉन्फिडेंशियल अकादमी प्रतिनिधित्व और समावेशन मानक प्रविष्टि फॉर्म जमा करना भी शामिल है। फिल्मों को अकादमी के चार इन्क्लूजन स्टैंडर्ड में से कम से कम दो को पूरा करना और 2025 में अपनी पहली रिलीज के 45 दिनों के भीतर शीर्ष 50 अमेरिकी बाजारों में से 10 में एक योग्य थिएटर प्रदर्शन पूरा करना भी आवश्यक था। सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में शामिल होने की सभी शर्तें पूरी करने के बाद 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' दोनों ही ऑस्कर पुरस्कार के संभावित दावेदार बन गए हैं। अकादमी द्वारा अंतिम नामांकन सूची 22 जनवरी को जारी की जाएगी।

### 2025 की सबसे सफल फिल्मों में शामिल कांतारा चैप्टर 1

*होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित 'कांताराः चैप्टर 1' ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत फिल्म है। यह 2025 की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी फिल्म को जमकर सराहा था। वहीं दूसरी ओर 'तन्वी द ग्रेट' का निर्माण, निर्देशन और लेखन अनुपम खेर ने किया है। यह फिल्म ऑटिज्म पर आधारित है, जिसमें एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में अनुपम खेर के अलावा शुभांगी दत्त, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और पल्लवी जोशी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।*

## खबर संक्षेप

### यातायात नियमों के पालन का लिया संकल्प

**भिवानी।** ट्रैफिक पुलिस भिवानी, सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचार शिक्षा समिति द्वारा स्थानीय विवेकानंद हाई स्कूल की एनएसएस इकाई के सहयोग से सड़क सुरक्षा अभियान एवं हिट एंड रन कानून जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, युवाओं व आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रेरित किया।

### शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करें अफसर

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में अधिकारियों के साथ समाधान शिविर और रात्रि ठहराव कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि चंडीगढ़ मुख्यालय की तरह ही डीसी कार्यालय द्वारा भी समाधान शिविर में आने शिकायतकर्ता के पास फोन कर उसकी समस्या के बारे में जानकारी ली जा रही है, ऐसे में समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों से संपर्क जरूर करें। समस्या के समाधान के साथ-साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि जरूरी है।

### भाजपा सरकार के रुख की कड़ी निंदा

**भिवानी।** माकपा जिला कमेटी ने बयान जारी कर कहा कि वेनेजुएला के खिलाफ हमले, राष्ट्रपति व उनकी पत्नी का अमरीकी सशस्त्र बलों द्वारा अपहरण किए जाने पर मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की प्रतिक्रिया कायरतापूर्ण है और राष्ट्रों की स्वतंत्रता एवं संप्रभुता की हिमायत करने के भारत के लंबे समय से चले आते रुख को देखते हुए उपयुक्त नहीं है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान 'वेनेजुएला के घटनाविकास पर गहरी चिंता' भर व्यक्त करता है और 'क्षेत्र में शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संवाद' की पुकार लगाता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणापत्र और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के इस घोर उल्लंघन पर निंदा शब्द तक नहीं है, जबकि अमरीका के सहयोगियों तक में से कुछ ने अपने बयानों में इसका जिक्र किया है।

### मिलावट करने वालों पर प्रशासन की नजरः एडीसी

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि खाद्य पदार्थ बनाने वाले प्रतिष्ठान मिलावट रहित खाद्य पदार्थ ही आमजन को दें। आमजन मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों से सतर्क एवं सावधान रहें। जिला प्रशासन की मिलावट करने वाले प्रतिष्ठानों पर पैनी नजर है। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसी कड़ी में एडीसी श्री करवा लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में खाद्य पदार्थों में मिलावट से संबंधित केसों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने तीन मामलों की सुनवाई में चार लाख दो हजार 996 रुपये जुर्माना लगाया गया। श्री आयल बीकानेर पर बिना रजिस्ट्रेशन पर 999 रूपए, सोनू राजपूत बनियानी पनीर एंड खोवा वाले पर सब स्टैंडर्ड और बिना रजिस्ट्रेशन पर 1999 रूपए और महम निवासी जोगेंद्र व चांग स्थित नेशनल एग्रो फुडस पर मिस ब्राडिंड सब्सटेंडर्ड का उल्लंघन करने पर तीन लाख 99 हजार 998 रुपए का जुर्माना लगाया है।

### सराहनीय कार्य करने वाले होंगे सम्मानित

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता कहा है कि 26 जनवरी को हर वर्ष की भांति इस बार भी स्थानीय भीम स्टेडियम में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक झांकियों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों- युद्ध वीरांगनाओं और उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वालों को किया जाएगा सम्मानित किया जाएगा। शहर में रोहतक रोड़, हांसी रोड, महम रोड व अन्य प्रमुख मार्गों पर स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। डीसी गुप्ता ने बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

---

### बेसहारा गाय या नंदी के कारण सड़क पर किसी की जान न जाए: गर्ग

# संचालक अधिक से अधिक बेसहारा गोवंश को आसरा दें

**गोशालाओं को भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही:गर्ग**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा गोशालाओं को भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। ऐसे में गोशाला संचालक अधिक से अधिक बेसहारा गायों व नंदी को गोशालाओं में आसरा दें। बेसहारा गाय या नंदी के कारण सड़क पर किसी की जान नहीं जानी चाहिए। गौवंश की रक्षा करना हमारा परम धर्म है। गाय में सभी देवताओं का वास माना जाता है, जिसको हम माता का रूप मानते हैं।

गौसेवा आयोग के चेयरमैन श्री गर्ग शुक्रवार को लघु सचिवालय के डीआरडीए सभागार में गौशालाओं, नंदीशालाओं के प्रबंधकों व अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला भिवानी में 44 गौशालाओं में से 42 गौशालाओं को विगत साल करीब तीन करोड़ 90 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इस वर्ष पहले से अधिक सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गोवंश को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए जहां पंचायती भूमि है, वहां गोशालाओं के विस्तार की योजना बनाई गई है। इसके साथ गौ अभ्यारण केंद्र बनाए जा रहे हैं। पंचायत के पास जमीन है तो वे गो अभ्यारण केंद्र बनवा सकते हैं। प्रदेश में फिलहाल करीब 694 गौशालाएं हैं, जिनमें चार लाख के लगभग गौवंश है।

#### 44 गोशालाओं में 22 हजार 537 गोवंश

गर्ग ने कहा कि गोशालाओं से ऑफ ग्रिड सोलर प्लांट के लिए आवेदन मांगे हैं, इससे बिजली का बोझ कम होगा। वहीं दूसरी ओर गोशालाओं में दो रुपए प्रति यूनिट बिजली दर की गई है, जिससे गौशालाओं को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि गोशालाओं के लिए जमीन खरीदने पर किसी प्रकार का रजिस्ट्री खर्च नहीं लगता और कोई प्रॉपर्टी टैक्स नहीं लगता। उन्होंने कहा कि गोशालाओं को मनरेगा से भी जुड़वा दिया गया है। गौशालाओं में एक हजार गायों पर एक ई-रिक्शा भी प्रदान की जा रही है। एक हजार से अधिक गायों पर दो ई-रिक्शा दी जा रही है। वहीं दूसरी ओर डीएमसी गुलजार मलिक और ईओ एमसी राजाराम ने शहरी क्षेत्र में गायों व नंदी को आसरा देने की स्थिति की बारे में विस्तार से जानकारी दी। पशुपालन विभाग के एसडीओ प्रदीप कुमार ने श्री गर्ग को बताया कि जिला में 44 गौशालाओं में 22 हजार 537 गौ वंश है। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा गौवंश का समय पर टीकाकरण किया जाता है। बैठक में जिलेभर के गौशाला संचालक मौजूद रहे। बैठक में आने से पहले हरियाणा गौशाला आयोग के चेयरमैन गांव नीमड़ीवाली स्थित गौशाला का दौरा किया और व्यवस्थाओं को देखा।

# गोशाला के लिए जमीन की रजिस्ट्री नि:शुल्क होगी


चरखी दादरी। गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते श्रवण कुमार गर्ग।

- हरियाणा गोसेवा आयोग के अध्यक्ष गर्ग ने की बैठक, गोशाला का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

हरियाणा गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग ने बताया कि हरियाणा देश का पहला बेसहारा गौवंश मुक्त राज्य बने, इसको लेकर प्रदेश सरकार व गोसेवा आयोग कार्य कर रहा है। हरियाणा को बेसहारा गौवंश मुक्त बनाने के लिए सभी गौशालाओं के संचालकों, विभागों के अधिकारियों सहित आमजन को भी आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जिले को जल्द बेसहारा गौवंश मुक्त बनाने के लिए प्रशासन व गौशाला संचालकों को मिलकर कार्य करना होगा। हरियाणा गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष गर्ग ने शुक्रवार को अधिकारियों व गोशाला संचालकों के साथ बैठक की और घिकाड़ा गांव की गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

#### दिया जाता है अुनदान

आयोग के अध्यक्ष गर्ग ने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की गौशालाओं में गौ संरक्षण के साथ-साथ गौसंवर्धन के लिए प्रत्येक बछड़े या बछिया 10 रुपये, गाय के लिए 20 व प्रति नंदी के लिए 25 रुपये का अनुदान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि गोशालाओं में सोलर प्लांट लगवाने पर 90 प्रतिशत तक सब्सिडी सरकार द्वारा दी जा रही है। वहीं गोशाला के लिए जमीन की रजिस्ट्री व सीएलयू भी निशुल्क करने का निर्णय लिया है।

---

# सुखी जीवन जीने के लिए प्रभु का स्मरण जरूरी : शास्त्री

- सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की धूम, भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। कथा करती एक महिला कथावाचक। फोटो : हरिभूमि

लोहड़पीर मंदिर के समीप आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अवसर पर शुक्रवार को छठे दिन भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथाव्यास अनिता शास्त्री ने अपनी मधुर वाणी से भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का सजीव चित्रण किया, जिसे सुनकर पाण्डाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा के दौरान कथावाचिका अनीता शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने वेणुगीत, चीरहरण और वृंदावन की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार भगवान अपनी लीलाओं से भक्तों का उद्धार करते हैं। कथा में गोवर्धन पूजा, रासलीला और महारास के प्रसंगों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान गोपियों के संग कन्हैया की लीला का वर्णन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कथा प्रवाह को आगे बढ़ाते हुए शास्त्री ने कंस वध के प्रसंग को विस्तार से सुनाया। इसके साथ ही अक्रूर जी का ब्रज आगमन, श्रीकृष्ण द्वारा मथुरा में धोबी, दर्जी, सुदामा और कुब्जा से भेंट के मार्मिक प्रसंगों ने भक्तों की आँखों को नम कर दिया। कथा में द्वारका धाम की स्थापना और श्रीकृष्ण के द्वारका गमन की महिमा भी गाई गई। छठे दिन की कथा का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी का विवाह उत्सव रहा। उन्होंने कहा कि सुखी जीवन जीने के लिए प्रभु का स्मरण करना जरूरी है। जब व्यक्ति प्रभु भक्ति से दूर होता है, तभी वह परेशानियों व निराशा से घिरता है। इस दौरान पांडाल को विवाह मंडप की तरह सजाया गया था। साथ ही बलराम और रेवती देवी के विवाह के प्रसंग को भी श्रद्धापूर्वक सुनाया गया। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह के दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया और फूलों की वर्षा कर अपनी खुशी जाहिर की। इस धार्मिक आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी रही।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से रेखा, कोमल, नेहा, प्रीति, प्रोन, तेजस, प्रियांशु, पूर्णिमा, दुलारी, गायत्री, मीनू, प्रमीला, ज्योति, प्रियांश, कनक, राधा, ज्योति, नायरा और लक्षित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गर्भवती महिलाएं आहार में हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें

- ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते जागरूकता कार्यक्रम : राधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। महिलाओं को जागरूक करती आंगनवाड़ी सुपरवाइजर राधा।

ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण स्तर को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गांव धनाना स्थित बाल ब्रह्मचारी विद्यालय में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र पर सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में ना केवल स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य की व्यापक जांच भी की गई। कार्यक्रम की शुरुआत आंगनवाड़ी सुपरवाइजर राधा के मार्गदर्शन में हुई। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कविता, सीमा और मीना के साथ-साथ आंगनवाड़ी सहायिकाओं ने ग्रामीण महिलाओं को पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से 10-12 महिलाओं, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुपरवाइजर राधा ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जियों और पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने समय-समय पर डॉक्टर से परामर्श और स्वास्थ्य जांच करवाने की आवश्यकता पर बल दिया।

---



बहल। सिरसी सर्कल की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

#### गर्भवती महिलाएं नियमित जांच करवाएं:ललिता

**बहल।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सिरसी सर्कल में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व हमारा पोषण हमारी पंचायत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म की गई और उनको गर्भावस्था के दौरान खानपान और सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में सुपरवाइजर ललिता मुख्यातिथि रही। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग का यह प्रयास है कि महिलाओं के खानपान में पौष्टिक तत्वों का समावेश हो ताकि महिलाओं का स्वास्थ्य सही रहे और नवजात में किसी तरह का कुपोषण न हो। उन्होंने बताया कि महिलाओं को अपने खानपान में हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, दूध, दही और अन्य पोषक तत्व शामिल चीजों का खाने में प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच भी करवानी चाहिए। महिलाओं को पोषक तत्वों से संबंधित सामग्री दी गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नरेश, विद्या, गुनिया, संतोष सहित अनेक महिलाएं मौजूद रही।

# गर्भावस्था के दौरान मां का स्वस्थ रहना जरूरीः सुशीला

**15 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करवाई**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी


चरखी दादरी। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म निभाते

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा झोझू में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत एक सामुदायिक आधारित कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना रहा।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशीला, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी रेखा श्योकंद तथा सुपरवाइजर ॠतु उपस्थित रही। इस दौरान 15 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म पूरे विधि-विधान के साथ सम्पन्न करवाई। उन्हें पोषण आहार किट वितरित की।

वहीं संतुलित एवं पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता एवं साफ-सफाई के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान मां का स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ मां से ही स्वस्थ बच्चे का जन्म होता है। उन्होंने बेटियों को समान अवसर देने और उन्हें शिक्षित करने पर जोर देते हुए कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज को सशक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# तनिष्क का नया चेहरा बनीं अनन्या पांडे

- भिवानी में 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' की शानदार शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

भारत का सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड और टाटा समूह का हिस्सा तनिष्क ने बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे को अपना नया ब्रांड चेहरा बनाते हुए अपने बहुप्रतीक्षित 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' की शानदार शुरुआत की है। इसका आयोजन तनिष्क भिवानी शोरूम में पूरे उत्साह और भव्यता के साथ किया जा रहा है। तनिष्क का यह कदम आधुनिकता, आत्मविश्वास और आज की महिलाओं की बदलती पसंद को दर्शाता है। अनन्या पांडे के साथ यह साझेदारी तनिष्क के उस विज़न को और मजबूत करती है, जिसमें हीरों को सिर्फ खास मौकों तक सीमित न रखकर रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनाया गया है।

इस अवसर पर तनिष्क भिवानी स्टोर मैनेजर ने जानकारी देते हुए बताया कि 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' तनिष्क का साल का सबसे बड़ा और सबसे खास डायमंड फेस्टिवल है। उन्होंने बताया कि इस फेस्टिवल में 10,000 से अधिक डायमंड डिज़ाइन्स पेश किए गए हैं, जो रोज पहनने से लेकर खास अवसरों तक हर जरूरत को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। कलेक्शन में ईयररिंग्स, ईयर कफ्स, सुई-धागा, ड्रॉप्स, हूप्स, स्टड्स, अंगूठियां, नेकवियर, चूड़ियां और ब्रेसलेट्स आदि शामिल हैं।

---

# स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार लेना जरूरीः काफी

- सेल्फी विद डॉटर कार्यक्रम के तहत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा

भिवानी के अतिरिक्त उपायुक्त के आदेश अनुसार महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा सुपरवाइजर काफी की अध्यक्षता में निनान गांव में पेरेंट्स टीचर मीटिंग, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,सेल्फी विद डॉटर एवं बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गांव की सभी महिलाओं विशेष कर गर्भवती एवं धात्री दूध पिलाने वाली महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर काफी ने बताया कि ये बताया कि यह कार्यक्रम महिलाएं बाल विकास विभाग की ओर से शुरू किया गया सामुदायिक मंच है जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण सत्र पर पोषण जागरूकता बढ़ाना पोषण 2.0 दिशा निर्देश लागू करना और कुपोषण मुक्त भारत के लक्ष्य के लिए जन भागीदारी को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में पोषण वाटिका योग स्वास्थ्य एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य पर जोर दिया गया। इस दौरान महिलाओं को बताया गया कि एक स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार कितना अनिवार्य है और इसमें जोड़ दिया गया कि स्थानीय एवं मौसमी फल सब्जियों का अधिकतम प्रयोग करना चाहिए क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए सबसे अधिक लाभदायक होते हैं। गर्भवती महिलाओं को खानपान का ध्यान रखना चाहिए।

### एक्टर के साथ निर्माता-निदेशक की भूमिका में दिखाई प्रतिभा

# विजय नादान ने अपनी कलाकारी से रचा इतिहास

**लीव-इन-रिलेशनशिप पर बना रहे हैं फिल्म**

दीपक कुमार डुमड़ा ▸▸ बवानीखेड़ा


बवानीखेड़ा। कार्यक्रम में विजय सिंह नादान को सम्मानित करते हुए।

आदर्श गांव बलियाली के विजय सिंह ''नादान'' आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। अपनी मेहनत के बलबूते पर नई-नई इबारत लिखने का काम किया है विजय सिंह ''नादान''। जैसे दहेज प्रथा पाखंड, शिक्षा बिना पशु, बाल विवाह, ओपरी पराई सहित अनेक सामाजिक बुराइयों के प्रति फिल्म, नाटक बनाकर जागरूकता लाने का कार्य किया है और हालिया लीव-इन-रिलेशनशिप पर फिल्म बनाने का कार्य कर रहे हैं। जिसे समाज में वाहवाही मिल रही है। गांव की रामलीला में 6 वर्ष तक राम की भूमिका अदा की जिसे खूब सराहा गया। गांव बलियाली में बारू राम के घर शीला देवी की कौख से पहली संतान के रूप में जन्में विजय सिंह जिन्हें घर मे प्यार से नादान पुकारते थे जिन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई की और उषा रानी इनकी जीवन संगीनी बनी। नादान तीन भाई व एक बहन हैं। बचपन से ही पढ़ाई के साथ पेंटिग का शौक था और वर्ष 2001 में हिसार में पेंटिंग की दुकान की। विजय सिंह नादान को अलग-अलग 9 संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया। सिरसा जिले के गांव जमाल में आयोजित लेखन कला में ताज-ए-हरियाणा अवार्ड 2017 में सैकिंड अवार्ड जीता। नादान ने अपने जन्मदिन पर बुजुर्गों को कंबल , गरीब बच्चों को जूते चप्पल बांटे।

#### नरेन्द्र बल्हारा के नाटकों से ली प्रेरणा

नादान की मानें तो हरियाणा की शान रहे नरेन्द्र बल्हारा के हरियाणवी नाटकों से उन्हें बहुत कुछ सीखने का मौका मिला और डीओपी निदेशक विजय सारसर के साथ कार्य करने का अवसर मिला। जिनसे कैमरे व फ्रेमिंग, करेक्टर डायरेक्शन, वीडिया डायरेक्शन शूटिंग की बारिकियां सीखी। प्रदेश केक अनेक कलाकारों के साथ काम किया व 400 नाटक चैनलों पर डी-ओपी और आर्ट पेज बनकर काम किया। उच्च स्तर के कलाकारों में रामेहर मेहला, विजय वर्मा, केडी, नरेन्द्र भगाना, सतीश कौशिक, यशपाल शर्मा, सुभाष फौजी, प्रहलाद फागणा, दीपक कपूर, कोला नाई, फौजन, लाला जी, रमेश वर्मा, अमित सैनी, गजेंद्र फोगाट आदि कलाकारों के साथ काम किया।

**खबर संक्षेप**

### बूंदाबांदी के बाद तापमान में गिरावट, ठिठुरन बढ़ी

**भिवानी।** करीब एक सप्ताह से धुंध व कोहरे के चलते शुक्रवार को सुबह करीब साढ़े छह बजे हल्की बूंदाबांदी हुई। क्षेत्र में हुई हल्की बूंदाबांदी के बाद दिन के अधिकतम तापमान में करीब दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई तथा ठिठुरन काफी बढ़ गई। जानकारी अनुसार दिन का अधिकतम तापमान करीब 15 डिग्री दर्ज किया गया। बता दें कि शुक्रवार सुबह क्षेत्र में हल्की बरसात हुई। इस बरसात से अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

### छह आकांशी खंडों में बाढ़ड़ा ब्लॉक सबसे ऊपर

**चरखी दादरी ।** जिला का बाढ़ड़ा ब्लॉक पूरे हरियाणा में आकांशी योजना के तहत सबसे उपर है। विभिन्न 39 संकेतकों के तहत किए जाने वाले कार्यों को लेकर प्रदेश के 6 ब्लॉक में बाढ़ड़ा ने पहला स्थान प्राप्त किया है। उपायुक्त डा मुनीश नागपाल के मागर्दशन में पूरे क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हो रहा है। इसी को लेकर नीति आयोग की अधिकारी क्षेत्र का दौरा भी कर चुकी हैं।
जिला परिषद के सीईओ डा विरेन्द्र सिंह ने बताया कि नीति आयोग की ओर से आकांशी ब्लॉक चुने जाते हैं। पूरे देश में योजना के तहत 500 से भी अधिक ब्लॉक शामिल किए।

### नाटक के माध्यम से एड्स के प्रति किया जागरूक

**भिवानी।** हरियाणा स्टेट ऐड्स कंट्रोल सोसायटी स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार जिले के गांव ढिगावा में हेमंत सैनी कल्चरल थिएटर एंड वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने एड्स के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। एड्स किस प्रकार फैलता है, इसके क्या लक्षण है और सरकार ने क्या योजनाएं जनता के लिए लागू की हैं, इनके लाभ आदि को लेकर नाटक मंचन के माध्यम से बताया।

### दीपक बने करणी सेना युवाशक्ति के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री

**भिवानी।** करणी सेना ने अपने संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए बड़ा विस्तार किया है। इसी कड़ी में भिवानी दीपक बामल को उनकी सामाजिक सक्रियता और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा को देखते हुए करणी सेना युवा शक्ति का राष्ट्रीय संगठन महामंत्री नियुक्त किया है। करणी सेना के राष्ट्रीय नेतृत्व ने दीपक बामल की कार्यशैली और युवाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ पर विश्वास जताया है।

### छह जहरीले सांपों का किया गया रेस्क्यू

**भिवानी।** जीव संरक्षण और मानवता की दिशा में कार्य करते हुए गौरक्षा दल नौरंगाबाद की टीम ने चुनौतीपूर्ण अभियान के तहत खेत में बने कमरे से कुल छह सांपों को सुरक्षित रेस्क्यू किया है। अभियान गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने बताया कि टीम को गांव कलिंगा से सूचना प्राप्त हुई थी कि खेत में बने कमरे के भीतर तीन सांप देखे गए हैं। सूचना मिलते ही गौरक्षा दल नौरंगाबाद की टीम सक्रिय हुई। टीम के सदस्य बिजेंद्र रक्षक, जतिन आदि मौजूद रहे।

## सरसों व गेहूं की फसलों पर पीलेपन का असर, किसान परेशान

# फसलों पर ठंड -पाले की मार, किसान लाचार, आर्थिक संकट के आसार

**कृषि विशेषज्ञों की किसानों को सलाह गेहूं की फसल पर करें मैगनीज सल्फेड का छिड़काव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

ठंड के मौसम में दिन प्रतिदिन तापमान में गिरावट होती जा रही हैं, वहीं पाला जमने की भी समस्या बन रही हैं, ऐसे में गेहूं व सरसों की फसलों में पीलेपन की समस्या देखी जा रही हैं, जिससे किसान काफी चिंतित हैं। फसलों में पीलेपन की समस्या के चलते किसान के सामने आर्थिक संकट खड़ा होने के आसार लग रहे हैं। गेहूं व सरसों में पीलापन व पत्तों में टाइटपन की समस्या देखने को मिल रही हैं।

उल्लेखनीय हैं कि ठंड के कारण गेहूं व सरसों की फसलों में पीलापन की समस्या उत्पन्न हो गई हैं। गेहूं की फसल की पत्तियों की नोक पीली नजर आने लगी हैं, जो मैगनीज की कमी के लक्ष्ण हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इस समस्या से निजात पाने के लिए किसानों को मैगनीशियम सल्फेट को 500 ग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिए, जिससे मैगनीज पोषण तत्व की पूर्ति हो जाएगी और गेहूं की पत्तियों का पीलापन भी खत्म हो जाएगा। वहीं सरसों में भी पीलेपन की समस्या देखने को मिल रही हैं। सरसों के पत्तों के किनारों में टाइटपन हैं, जिसमें पोटास की कमी हैं। सरसों में टाइटपन व पीलेपन को खत्म करने के लिए 200 लीटर पानी में एक से डेढ़ ग्राम एमओपी (म्यूरेट ऑफ पोटाश) डालकर छिड़काव करें, जिससे पीलेपन की समस्या खत्म हो जाएगी। वहीं सरसों के फूल व तने के बीच के भाग में कालापन देखा जा रहा हैं, जिससे सरसों के पौधों का तना नीचे की ओर गिर रहा हैं और फूल भी लटक जाता हैं।



भिवानी । सरसों की फसल पर पीलेपन का असर तथा नीचे की ओर मुड़े तने व फूल। फोटो : हरिभूमि

**एसएसपी की पूर्ति करें किसानः डॉ. मीनू**

कृषि विशेषज्ञा डॉ. मीनू ने बताया कि ठंड के मौसम में गेहूं व सरसों में पीलेपन की समस्या देखने को मिल रही हैं, ऐसे में किसान प्रति एकड़ गेहूं की फसल में 500 ग्राम मैगनीज सल्फेड 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें और सरसों में एक से डेढ़ ग्राम एमओपी (म्यूरेट ऑफ पोटाश) का छिड़काव करें, जिससे पीलेपन की समस्या खत्म हो जाएगी। वहीं किसान सरसों की बिजाई के समय एसएसपी (सिंगल सुपर फॉस्फेट) का प्रयोग करें, ताकि भविष्य में उसे कोई समस्या न झेलनी पड़े। सरसों की बिजाई के समय जो किसान एसएसपी (सिंगल सुपर फॉस्फेट) का प्रयोग नहीं करते, उसमें कैल्शियम की कमी देखने को मिलती हैं। कैल्शियम की कमी के कारण सरसों के फूल और तने के बीच का भाग काला पड़ जाता हैं और तना व फूल नीचे की ओर लटक जाते हैं।



तोशाम। बलिदान दिवस पर नमन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# सर छोटूराम और महाराजा नाहर सिंह को याद किया

**सर चौधरी छोटूराम के जन्म दिवस 24 नवंबर को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

दीनबंधु सर चौ. छोटूराम की 81वीं पुण्यतिथि व महाराजा नाहर सिंह का बलिदान दिवस तोशाम में छोटूराम चौक पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। इस दौरान युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहा की छोटूराम ने किसान, मजदूर की आवाज को ताकत देकर उनके हक में कानून बनाकर अंग्रेजी शासन व साहूकारी शिकजे से मुक्त कराया था। वे हमेशा जनता द्वारा याद किए जाएंगे। उन्होंने सम्प्रदायिक ताकतों के विरूद्ध अनथक लड़ाई लड़ते हुए किसानों व जनता की एकता कायम की थी। उन्होंने कहा कि सर छोटूराम एकमात्र ऐसे नेता थे जिन्होंने संयुक्त पंजाब में मंत्री रहते किसानों मजदूरों व कमेरा वर्ग के हितों के लिए अनेकों कानून पास करवाए, जिनमें मुख्य रूप से कर्जा माफी अधिनियम, व्यवसाय श्रमिक अधिनियम, कृषि उत्पादन मंडी अधिनियम, गिरवी जमीनों की मुफ्त वापसी एक्ट, साहूकार पंजीकरण एक्ट और 8 जनवरी 1945 को भाखड़ा नांगल बांध की फाइल पर हस्ताक्षर किए जिसका श्रेय सर छोटूराम को जाता है और 9 जनवरी 1945 को किसानों, मजदूरों व दलितों के मसीहा हमारे बीच नहीं रहे। इस अवसर पर मौजूद अनिल शेषमां, अशोक मलिक, दयानंद हवलदार, युद्धवीर चैयरमैन, मुकेश शर्मा ढाणीमाहु आदि सदस्यों ने सरकार से मांग की कि दीनबंधु सर चौधरी छोटूराम के जन्म दिवस 24 नवंबर को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए।

# महिलाओं को कुपोषण से बचाने एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों के बारे में जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव दिनोद स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बैठक का आयोजन किया, जिसमें महिलाओं को कुपोषण से बचाव एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों के बारे में जागरूक किया। वक्ताओं ने महिलाओं को पौष्टिक व प्रोटीन युक्त भोजन का सेवन करने की सलाह दी। उल्लेखनीय हैं कि गांव दिनोद में आंगनबाड़ी केंद्र में कम्युनिटी बेस्ड इवेंट की मीटिंग हुई, जिसमें सरपंच प्रतिनिधि रामकिशोर, पंच नरेन्द्र, आंगनवाड़ी वर्कस स्नेहलता व आशा वर्कर सज्जना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में सभी गर्ववती व दूध पिलाने वाली महिलाओं व अन्य महिलाओं ने भाग लिया। सरपंच प्रतिनिधि रामकिशोर व आंगनबाड़ी वर्कर स्नेहलता ने बताया कि गर्ववती महिला और दूध पिलाने वाली महिलाओं को पौष्टिक आहार की अधिक जरूरत होती है। गर्ववती महिला को पूरे नौ माह तक डेढ़ गुना खाना खाना चाहिए। वहीं महिलाओं को पौष्टिक युक्त हरी पत्तेदार सब्जियां, कच्ची सब्जियां मूली, गाजर, मटर, खीरा, टमाटर आदि ज्यादा मात्रा में खाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयरन के लिए गुड़, चना, बाजरा खाना चाहिए और दूध, दही व लस्सी का सेवन भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती व दूध पिलाने वाली महिलाएं आंगनबाड़ी से पौष्टिक आहार प्राप्त करें। आशा वर्कर सज्जना ने बताया गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकाकरण और सभी जांच टाइम से करवानी चाहिए। बच्चा पैदा होते ही मां का दूध एक घंटे के अंदर पिलाना चाहिए और बच्चे को भी टीकाकरण समय पर लगवाना चाहिए। महिला एवं बाल विकास विभाग के जागरूकता अभियान की महिलाओं ने सराहना की।




भिवानी । गांव दिनोद की आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं को संबोधित करते सरपंच प्रतिनिधि, आंगनवाड़ी व आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

# हरी सब्जियों के नियमित सेवन से मिलती है ताकत

**हरियावास में कुपोषण के प्रति किया महिलाओं को जागरूक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

महिला एवं बाल विकास विभाग तहत डी पी ओ वैशाली भिवानी, सी डी पी ओ ऊषा रानी ,सुपरवाइजर वंदना के मार्गदर्शन से आंगनवाड़ी केन्द्रों में हमारा पोषण हमारी पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंड बहल के गांव हरियावास में कार्यकर्ता उर्मिला हरियावास द्वारा कार्यक्रम में सरपंच, पंच,आशा कार्यकर्ता, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान करवाने वाली माताएं और अन्य महिलाओं को एकत्रित कर कुपोषण मुक्त समाज निर्माण को लेकर जागरूक किया। मोटे अनाज जैसे बाजरा,चना, में मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं जिससे ब्लड शुगर कंट्रोल होता है और हड्डियां मजबूत होती हैं,दिल की बीमारियों से बचा जा सकता है। दूसरी ओर अगर हम हरी सब्जियों का सेवन भी नियमित रूप से करें तो इनसे हमें ताकत मिलती है, विटामिन भरपूर मात्रा में होने के कारण त्वचा पर एलर्जी नहीं होती मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा कम ,कैंसर, बी पी हाई जैसी बीमारियों से लड़ने की क्षमता मिलती है। ये जो नियमित रूप से हरी सब्जियां मेथी,धनिया, पालक, मूली,सरसों, बथुआ, जैसी सब्जी हम अपने प्लॉट या घर में भी उगा सकते हैं जिससे हमारे ज्यादा पैसे भी नहीं लगेंगे और इनका रोजाना सेवन भी कर पाएंगे।



बहल। गांव हरियावास में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

**ये मौजूद रहीं**

कार्यक्रम में जगवंती आशा कार्यकर्ता, चंद्रकला पत्नी प्रताप सिंह सरपंच , पंच,मिड डे मिल सुमन, शकुंतला, बाला , रोशनी,ज्योति,कविता,रोशन, भगवंती,गर्भवती गरिमा,मनीषा आदि महिलाएं शामिल हुई।

## मांगों को लेकर अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने सब-डिवीजन स्तरीय पर किया मंथन



**भिवानी ।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की लोहारू सब डिवीजन इकाई की बैठक शुक्रवार को सब-डिवीजन सचिव सुमित शिमली की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कर्मचारियों की सुरक्षा, तकनीकी समस्याओं और प्रशासनिक विसंगतियों को लेकर विस्तार से चर्चा की और प्रबंधन के समक्ष अपनी मुख्य मांगें रखी। बैठक में मुख्य रूप से संघ के जिला मंत्री संदीप बागनवाला, जिलाध्यक्ष ईमरान बापोड़ा और जिला उपाध्यक्ष मनजीत बारवास ने शिरकत की और कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। बैठक का मुख्य केंद्र कर्मचारियों को फील्ड में आने वाली तकनीकी दिक्कतें रहीं। संघ ने मांग की कि 132 केवी लोहारू-सतनाली नई लाइन के नीचे स्थित 11केवी लाइन पर आने वाले खतरनाक इंडक्शन का स्थाई समाधान किया जाए, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। टीआईएफ के साथ डोमेस्टिक सप्लाई और एग्रीकल्चर पंपसेट की क्रॉसिंग को तुरंत हटाया जाए। जिन क्षेत्रों में डबल सप्लाई की समस्या है, वहां से इसे हटाकर सिस्टम को सुव्यवस्थित किया जाए। 33 केवी लाड पावर हाउस में पावर कट के संचालन के लिए स्थायी कर्मचारी की नियुक्ति की मांग की गई। बैठक में हरियाणा कौशल रोजगार निगम पोर्टल पर आ रही तकनीकी दिक्कतों का भी जिक्र हुआ।

# युवाओं में नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए प्रबुद्ध नागरिकों का सहयोग जरूरीः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय में नशा रोकथाम एवं चिन्हित अपराधों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने जिला में नशीली दवाओं के अवैध रूप से सेवन व ड्रग पर प्रतिबंध लगाने को लेकर उठाए जा रहे कदमों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा भी मौजूद रहे और कार्ययोजना बारे जरूरी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं में बढ़ता ड्रग का प्रचलन चिंता का विषय है। इससे भी अधिक खतरनाक यह है कि युवा अवैध रूप से नशीली दवाओं का सेवन भी करते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे में सभी मेडिकल स्टोर की सख्त निगरानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशे की लत के आदी होने पर युवाओं में चोरी की आदत बनने लगती है और धीरे-धीरे युवा अपराध की दलदल में फंस जाते हैं। उन्होंने कहा कि नशे पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है, इसके लिए जागरूकता लाना जरूरी है। उन्होंने शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक स्कूल और कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कॉलेजों व स्कूलों में नाटक मंडली तैयार की जाए तो गांवों में युवाओं को नशा नहीं करने के बारे में जागरूक करें। वहीं एसपी अर्श वर्मा ने बताया कि पुलिस विभाग ने जिला में कुछ ऐसे गांवों को चिन्हित किया है जहां युवा नशीली दवाईयों या ड्रग का अधिक सेवन करते हैं।



चरखी दादरी । नशे के खिलाफ किए गए कार्यों की समीक्षा करते उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल। फोटो : हरिभूमि

## आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई व पोषण पंचायत में महिलाओं को किया जागरूक



**भिवानी।** महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से गांव खरककलां में हमारा पोषण हमारी पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम गांव खरककलां के आंगनवाड़ी केंद्र में हुआ। इस आयोजन का नेतृत्व सुपरवाइजर अनीता ने किया। कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल करना और उन्हें पोषण के प्रति जागरूक करना था तथा उनकी पारंपरिक गोद भराई की रस्म पूरी की गई। गर्भवती महिलाओं और समुदाय की अन्य महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान सही खान-पान और पोषण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। केंद्र पर मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं व राशन वितरण की जानकारी दी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभ व पंजीकरण के बारे में महिलाओं को जागरूक किया, ताकि वे आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकें।

# ‘हमारा पोषण हमारी पंचायत’ में महिलाओं को समझाया गया पोषण का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारने की दिशा में कदम उठाते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हमारा पोषण हमारी पंचायत कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। अतिरिक्त उपायुक्त के आदेशानुसार आयोजित कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बामला और रेवाड़ी जैसे गांव रहे। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसी कड़ी में रेवाड़ी खेड़ा, बामला और निनान गांवों में विशेष जागरूकता अभियान चलाए। गर्भवती महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया, ताकि वे उनका लाभ उठा सकें। सुपरवाइजर काफी ने महिलाओं को पोषण के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि हमें बाजार के पैकेट बंद भोजन की बजाय स्थानीय और मौसमी फल-सब्जियों का अधिकतम प्रयोग करना चाहिए, क्योंकि ये स्वास्थ्य के लिए सबसे अधिक लाभदायक और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। कार्यक्रम के समापन सत्र में पोषण वाटिका, योग, स्वच्छता और मातृ-शिशु स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष जोर दिया गया ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ और सशक्त बन सके।



भिवानी । हमारा पोषण हमारी पंचायत कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

**याद किया** 1857 की क्रांति के महानायक शहीद गुलाब सिंह सैनी का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया

# देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर योद्धा को किया नमन

**सैनी कल्याण परिषद के सदस्यों ने की पुष्पांजलि अर्पित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सैनी कल्याण परिषद द्वारा शुक्रवार को नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक पर 1857 की क्रांति के महान योद्धा शहीद गुलाब सिंह सैनी का 168वां बलिदान दिवस अत्यंत भावपूर्ण और गौरवमयी ढंग से मनाया। समाज के गणमान्य व्यक्तियों और युवाओं ने एकत्रित होकर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान सेनानायक को पुष्पांजलि अर्पित की। शहीद स्मारक पर दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीद को श्रद्धांजलि दी और उनके जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। परिषद के प्रधान भूपसिंह सैनी ने कहा कि इतिहास के पन्नों को पलटते हुए गुलाब सिंह सैनी बल्लभगढ़ के महाराजा नाहर सिंह की सेना के मुख्य सेनापति थे। उन्होंने कहा कि साधारण किसान परिवार में जन्मे गुलाब सिंह ने अपनी असाधारण वीरता, बुद्धिमानी और युद्ध कौशल के दम पर सेनापति और राजा के मुख्य सलाहकार का पद प्राप्त किया था। 10 मई 1857 को जब मेरठ और अंबाला से अंग्रेजी सेना ने दिल्ली पर कब्जा करने के उद्देश्य से कूच किया, तब गुलाब सिंह सैनी की सेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अंग्रेजों का डटकर मुकाबला किया। उन्होंने कई मोर्चों पर ब्रिटिश सेना को धूल चटाई और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद 9 जनवरी 1858 को दिल्ली के ऐतिहासिक चांदनी चौक पर अंग्रेजों ने उन्हें फांसी दे दी। उनके साथ महाराजा नाहर सिंह ने भी हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया था। उन्होंने कहा कि शहीद गुलाब सिंह सैनी का बलिदान केवल एक समाज के लिए नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है।



भिवानी । शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते सैनी कल्याण परिषद के सदस्य।

**ये मौजूद रहे**

*इस अवसर पर सुभाषचंद्र सैनी, ओमप्रकाश सैनी, जगदीश फौजी, ईश्वर सिंह गुर्जर, वीरसिंह सैनी, राधेश्याम ठेकेदार, फूल सिंह सैनी, राजकुमार सैनी, पप्पू, रवि शंकर व चिरंजीलाल आदि मौजूद रहे।*